# PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A. BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (23.09.2024)

## DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE:23.09.2024, PAGE-02

**वोटिंग अवधि 4 घंटे** • बीआरएबीयू में 15 प्रतिनिधियों की सीट, पीजी की 2 सीटों पर हुआ निर्विरोध चुनाव

# सीनेट के 13 प्रतिनिधियों के चुनाव के लिए आज 14 जिलों में मतदान, बूथों पर गईं पोलिंग पार्टियां

**विवि व कॉलेजों में कल-परसों अवकाश : पीजी बॉटनी विभाग, एलएस, आरडीएस व एमडीडीएम में केंद्र**

एजुकेशन रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय सीनेट प्रतिनिधियों के चुनाव के लिए सोमवार को मतदान होगा। इसके लिए मुजफ्फरपुर समेत 14 जिलों में 19 बूथ बनाए गए हैं। मुजफ्फरपुर में 4 बूथ हैं। वोटिंग के लिए 4 घंटे का समय होगा। मुजफ्फरपुर, वैशाली, सीतामढ़ी, मोतिहारी, बेतिया, छपरा, दरभंगा व पटना में सुबह 10.30 से 2.30 बजे तक और गया, सीवान, नालंदा, कटिहार, सहरसा व भागलपुर में सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक वोटिंग होगी। विवि के पुराने गेस्ट हाउस में कंट्रोल रूम बना है, यहां से पूरी निगरानी होगी। रविवार को सुबह रिटर्निंग ऑफिसर कुलसचिव डॉ. अपराजिता कृष्णा ने सभी पोलिंग पार्टियों को बूथों पर रवाना किया। शाम तक टीमों ने केंद्र पर पहुंचकर कंट्रोल रूम को रिपोर्ट दी। कुलसचिव ने कुलपति के आदेश पर अधिसूचना जारी कर कहा है कि मतदान के लिए विश्वविद्यालय व कॉलेजों में 23 और 24 सितंबर को अवकाश होगा।



मतदान केंद्र के लिए निकलती टीम।

### वोटिंग के लिए लाना है पहचान पत्र और आधार कार्ड

मतदान के लिए शिक्षकों को साथ में विश्वविद्यालय या कॉलेज से जारी पहचान पत्र और आधार कार्ड लाना है। इसके लिए रिटर्निंग ऑफिसर की ओर से नोटिस जारी किया गया है। सभी कॉलेजों के प्राचार्य और पीजी विभागाध्यक्षों से कहा गया है कि वे संबंधित शिक्षकों को इसकी जानकारी दे दें, जिससे स्वच्छ व निष्पक्ष मतदान की प्रक्रिया पूरी की जा सके।

### ये हैं उम्मीदवार

**कुलए:** जनरल- डॉ. प्रमोद कुमार व डॉ. राजेश्वर सिंह; एससी- डॉ. विनोद बैठा (निर्विरोध); एसटी- ओलिवर केरकेट्टा (निर्विरोध)।

**कुलबी:** जनरल- डॉ. रेणुबाला, डॉ. आशुतोष, डॉ. जयकांत सिंह, मो. निजामुद्दीन, डॉ. राकेश सिंह, डॉ. साजिद अंजुम, डॉ. शशि बी. कुमार, डॉ. उदय कुमार व डॉ. विकास मंडल; ओबीसी- डॉ. रेशमा सुल्तान, डॉ. अशोक साह, डॉ. रहमतुल्लाह अंसारी, डॉ. रमेश प्र. गुप्ता, डॉ. संजय सुमन व डॉ. शशानंद सहनी; एससी- डॉ. रमाशंकर रजक, डॉ. भारत भूषण, डॉ. मुकेश सागर, डॉ. सुखलाल पासवान व डॉ. दीपक प्रसाद; एसटी- डॉ. निशि कांति व डॉ. रवि शंकर सिंह।

**कुलसी:** जनरल- डॉ. बबिता कुमारी, डॉ. बालकृष्ण राय, डॉ. धर्मेंद्र चौधरी, डॉ. कुमार अभिषेक रंजन, डॉ. जगत किशोर सिंह, डॉ. प्रफुल्ल सिंह, रणविजय सिंह, डॉ. रमण कुमार व डॉ. सत्येंद्र सिंह; ओबीसी- डॉ. मनोज कुमार, डॉ. रमेश सिंह व डॉ. वासुदेव साह।

### शिक्षक प्रतिनिधियों के लिए 12 साल बाद हो रही वोटिंग

सीनेट के 105 सदस्यों में 15 शिक्षक प्रतिनिधि होते हैं। इनका चुनाव वोटिंग के जरिए 12 साल बाद हो रहा है। सोमवार को मतदान व 25 सितंबर को मतगणना होगी। 3 कैटेगरी में 13 प्रतिनिधियों के लिए कुल 2067 शिक्षक वोट डालेंगे। पीजी सेक्शन से 3 में 2 सीटों पर निर्विरोध चुनाव हो गया है। वहीं, एक सीट के लिए मतदान होगा। अंगीभूत कॉलेजों से 9 व संबद्ध व टेक्निकल कॉलेजों से 3 प्रतिनिधियों के लिए वोट डाले जाएंगे। इसके लिए विवि के पीजी बॉटनी विभाग व मुजफ्फरपुर के एलएस कॉलेज, आरडीएस कॉलेज, एमडीडीएम कॉलेज समेत एमएस कॉलेज मोतिहारी, एमजेके कॉलेज बेतिया, गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज बगहा, एसआरकेजी कॉलेज सीतामढ़ी, आरएन कॉलेज हाजीपुर, डीसी कॉलेज हाजीपुर, महर्षि मेंही होम्योपैथी कॉलेज कटिहार, केएन होम्योपैथी कॉलेज भागलपुर, डॉ. चांदमहम्मद होम्योपैथी कॉलेज दरभंगा, एसकेएच कॉलेज सीवान, डॉ. आरबीएस होम्योपैथी गया, श्री मोती सिंह आयुर्वेद छपरा, जीडी होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज पटना, मगध होम्योपैथी कॉलेज बिहार शरीफ व बीएनएल होम्योपैथी सहरसा को मतदान केंद्र बनाया गया है।

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE : 23.09.2024, PAGE-04

# 12 वर्षों के बाद सीनेट का चुनाव आज

## विश्वविद्यालय के आसपास के जिलों में सुबह साढ़े दस बजे से शुरू होगा मतदान

**15** शिक्षक प्रतिनिधियों के लिए प्रदेश के 14 जिलों में होगा मतदान, 2067 शिक्षक डालेंगे वोट

**9** बजे से दूरदराज के जिलों में डाले जाएंगे वोट, मतदान सामग्री के साथ पोलिंग पार्टियां रवाना

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में 12 वर्षों के बाद सोमवार को मतदान होगा। इसके लिए मुजफ्फरपुर 14 जिलों में कुल 19 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। विश्वविद्यालय के आसपास के जिलों में सुबह 10 बजकर 30 मिनट से मतदान शुरू होगा। वहीं दूरदराज के जिलों में नौ बजे से मतदान होगा। मतदान के लिए शिक्षकों को केंद्र पर पहचान पत्र और आधार कार्ड लाना होगा। सभी शिक्षकों को विश्वविद्यालय या कालेज से जारी पहचान पत्र और आधार कार्ड लेकर केंद्र पर आना है। इसको लेकर पहले ही रिटर्निंग आफिसर की ओर से अधिसूचना जारी की गई है। सभी कालेजों के प्राचार्यों और पीजी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिया गया है कि मतदाताओं तक इसकी जानकारी पहुंचाएं। रविवार की सुबह 10 बजे से पोलिंग पार्टियां चुनाव की सामग्री के साथ बूथों पर रवाना हुईं। रिटर्निंग आफिसर रजिस्ट्रार डा. अपराजिता कृष्णा ने उन्हें रवाना किया। रजिस्ट्रार ने बताया कि सभी जिलों में शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन प्रतिबद्ध है। इसके लिए संबंधित जिला प्रशासन से भी सहयोग लिया जा रहा है। पुराने गेस्ट हाउस में नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। उन्होंने बताया कि सीनेट के 15 शिक्षक प्रतिनिधियों के चयन के लिए मतदान की प्रक्रिया होगी। इसमें कुल 2067 शिक्षक अपना वोट डालेंगे। तीन कैटेगरी में 13 उम्मीदवार मैदान में हैं। वहीं दो का निर्विरोध चुना जाना तय है। जिले में पीजी बाटनी विभाग, एलएस कालेज, आरडीएस कालेज, एमडीडीएम कालेज को केंद्र बनाया गया है। बुधवार को रिजल्ट जारी होगा। रविवार को दिन भर उम्मीदवार वोटरों से संपर्क साधते रहे। वहीं फोन से लेकर इंटरनेट मीडिया से भी मतदाताओं को अपने पक्ष में मतदान के लिए राजी करने में जुटे रहे। मुजफ्फरपुर, वैशाली, सीतामढ़ी, मोतिहारी, बेतिया, छपरा, दरभंगा और पटना में सुबह 10.30 से 2.30 बजे तक वोटिंग होगी तो गया, सीवान, नालंदा, कटिहार, सहरसा व भागलपुर में सुबह नौ बजे से दोपहर एक बजे तक मतदान होगा। दूसरी ओर सोमवार और मंगलवार को विश्वविद्यालय से लेकर अंगीभूत और संबद्ध कालेजों में अवकाश रहेगा।



सीनेट चुनाव के लिए मतदान कर्मियों को सामग्री देतीं रजिस्ट्रार (दाएं) ● जागरण

### तीन श्रेणी में हो रहे चुनाव

- इलेक्टोरल कालेज ए पीजी विभाग – 96 वोटर
- इलेक्टोरल कालेज बी अंगीभूत कालेज– 558 वोटर
- इलेक्टोरल कालेज सी संबद्ध व टेक्निकल कालेज – 1313 वोटर

**उम्मीदवार के नाम के आगे अपनी प्राथमिकता दर्ज करेंगे वोटर :** सीनेट चुनाव में वोटर बैलेट पेपर पर उम्मीदवारों के नाम के आगे अपनी प्राथमिकता दर्ज करेंगे। विश्वविद्यालय की ओर से उपलब्ध कराए गए कलम से वे उम्मीदवार के नाम के आगे अंकों में (1,2,3..) अपनी प्राथमिकता लिखेंगे। अगर बैलेट पेपर पर उम्मीदवारों की संख्या पांच है तो वोटर सभी को अपनी प्राथमिकता के आधार पर नंबरिंग कर सकेंगे। चुनाव की पूरी प्रक्रिया में केवल कर्मचारियों को ही लगाया गया है।

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:23.09.2024, PAGE-06

# तनाव मुक्ति के लिए योगाभ्यास जरूरी

**प्रशिक्षण**

मुजफ्फरपुर, प्रसं। बीआरएबीयू के अंग्रेजी विभाग में रविवार को कुलानुशासक सह विभागाध्यक्ष प्रो. विजय शंकर राय के संरक्षण में एकदिवसीय योग प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। योगगुरु आलोक कुमार अभिषेक व योगी मुकेश के नेतृत्व में विभाग के तमाम प्रोफेसर समेत सौ से अधिक शोधार्थियों व विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण का लाभ उठाया।

योग गुरुओं ने न केवल विभिन्न मुद्राओं, आसनों और कई तरह प्राणायाम की विधि बताई, बल्कि इन सभी के महत्व, उनके नियम तथा बरते जाने वाले संयम पर भी प्रकाश डाला। कई लोगों को योगाचार्य अभिषेक ने विभिन्न प्रकार के शारीरिक कष्ट के निवारण के लिए कई योगासन व प्राणायाम बताए। जैसे मोटापा कम करने, शारीरिक ऊर्जा और मनोबल बढ़ाने के लिए सर्वांगासन, कमर और पीठ दर्द से छुटकारे के लिए भुजंगासन, एकाग्रता के लिए भ्रामरी प्राणायाम आदि। मौके पर प्रो. राय ने बताया कि कैसे दैनिक योगाभ्यास उनको चुस्त और तनावमुक्त रहने में मदद करता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि ज्ञानार्जन के लिए स्वस्थ शरीर और स्वस्थ दिमाग दोनों की आवश्यकता होती है। दोनों को उत्तम स्थिति में रखने के लिए प्रतिदिन योगाभ्यास अनिवार्य है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे भविष्य में भी ऐसे लाभकारी आयोजन कराते रहेंगे। प्रो. मधु शालिनी, प्रो. ज्योति नारायण, डॉ. विभाकर, डॉ. उपेंद्र शर्मा व डॉ. सौम्य सरकार रवि, रितिका, प्रज्ञा कमल आदि मौजूद रहे।



बीआरएबीयू के अंग्रेजी विभाग में आयोजित योग प्रशिक्षण शिविर में शामिल शिक्षक व विद्यार्थी।

# पीजी थर्ड सेम के प्रवेश व परीक्षा फॉर्म भरने की तिथियां जारी

**14** से 30 अक्टूबर तक तक भर सकेंगे फॉर्म

- दूरस्थ शिक्षा विभाग में फॉर्म भरने की होगी प्रक्रिया

मुजफ्फरपुर, वसं। बीआरएबीयू के दूरस्थ निदेशालय ने 2014-16 सत्र में स्नातकोत्तर कर रहे विद्यार्थियों को बड़ी राहत दी है। करीब एक दशक बाद निदेशालय इस सत्र के सभी विषयों के तीसरे सेमेस्टर के लिए नामांकन व परीक्षा फॉर्म भरने के लिए तिथियों का ऐलान शनिवार की देर शाम कर दिया।

इससे संबंधित नोटिफिकेशन डीडीई के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी डॉ. कान्तेश कुमार ने जारी की। उन्होंने बताया कि तीसरे सेमेस्टर के लिए नामांकन एवं परीक्षा फॉर्म 14 अक्टूबर से 30 अक्टूबर के बीच भरा जाएगा। इसके लिए इस सत्र के दूसरे सेमेस्टर में उत्तीर्ण विद्यार्थी निदेशालय के कार्यालय में आकर परीक्षा फॉर्म भर सकेंगे। इसके लिए उनको फॉर्म के साथ सभी वांछित कागजात जैसे कि पहले और दूसरे सेमेस्टर का अंक पत्र, प्रवेश पत्र के साथ दो पासपोर्ट आकार का फोटो लगाना होगा। अंकपत्र निदेशालय की वेबसाइट से डाउनलोड किया हुआ होना चाहिए। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को नामांकन शुल्क के लिए निर्धारित राशि चार हजार रुपये चालान के माध्यम से पीएनबी की खबड़ा शाखा में जमा कराना होगा।

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE : 23.09.2024, PAGE-06

# सीनेट चुनाव आज, दो निर्विरोध जीते, 36 प्रत्याशी मैदान में

**बीआरएबीयू**

**14** जिलों में डाले जाएंगे चुनाव के लिए वोट

- सुबह 10.30 बजे से शुरू हो जाएगी पोलिंग

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू में 12 वर्षों के बाद सीनेट का चुनाव सोमवार को होगा। सीनेट चुनाव को लेकर रविवार को पोलिंग पार्टी और पीठासीन अधिकारी बैलेट बॉक्स लेकर अपने निर्धारित जिलों में रवाना हुए। कुल 36 प्रत्याशी मैदान में हैं। रजिस्ट्रार प्रो. अपराजिता कृष्णा ने सभी कर्मियों को रवाना किया। रजिस्ट्रार ने बताया कि सीनेट चुनाव को लेकर विश्वविद्यालय के पुराने गेस्ट हाउस में कंट्रोल रूम बनाया गया है, जहां अधिकारी मौजूद रहेंगे। प्रॉक्टर प्रो. बीएस राय ने बताया कि कंट्रोल रूम में जो भी सूचना आएगी उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी। सीनेट का चुनाव मुजफ्फरपुर और आसपास के जिलों में सुबह 10.30 से और दूर के जिलों में सुबह 9 बजे से शुरू होगा। सीनेट चुनाव के लिए 14 जिलों में वोट डाले जाएंगे। चुनाव को लेकर रजिस्ट्रार के नेतृत्व में पूरे दिन जोर-शोर से तैयारी होती रही। रजिस्ट्रार खुद सारे कार्यों की मॉनिटरिंग कर रही थीं। सीनेट के चुनाव में पीजी में दो उम्मीदवार निर्विरोध चुनाव जीत चुके हैं। पीजी में दो उम्मीदवार प्रो. प्रमोद और प्रो. राजेश्वर में कांटे की टक्कर है। अंगीभूत कॉलेजों से 22 उम्मीदवार और संबद्ध कॉलेजों से 12 उम्मीदवार खड़े हैं। चुनाव के लिए 19 बूथ बनाए गए हैं। मुजफ्फरपुर में चार बूथ हैं। प्रॉक्टर ने बताया कि जहां-जहां चुनाव हो रहे हैं, वहां के प्राचार्यों को सुरक्षा व्यवस्था सख्त रखने और प्रशासन से सहयोग लेने को कहा गया है। चुनाव में पीजी के लिए 96, अंगीभूत कॉलेज के लिए 558 और संबद्ध कॉलेज के लिए 1413 वोटर हैं। चुनाव में 50 बैलेट बॉक्स का इस्तेमाल किया जाएगा।



सीनेट चुनाव को लेकर मतदानकर्मियों को बैलेट बॉक्स देतीं रजिस्ट्रार प्रो. अपराजिता।

चुनाव का रिजल्ट 25 सितंबर को आएगा। चुनाव में 21 पीठासीन अधिकारी और 22 पोलिंग पार्टी की तैनाती की गई है।

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:23.09.2024, PAGE-04

### तीन श्रेणियों में शिक्षक प्रतिनिधियों के चयन के लिए होना है मतदान

# 15 पदों के लिए 14 जिलों में सीनेट चुनाव आज, पोलिंग पार्टियां रवाना

**बीआरएबीयू**

- मुजफ्फरपुर में सुबह 10.30 और अन्य जिलों में सुबह नौ बजे से शुरू होगी वोटिंग, 2067 हैं वोटर्स

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू की ओर से सोमवार को सीनेट में 15 शिक्षक प्रतिनिधियों के पदों पर निर्वाचन की प्रक्रिया होगी. इसको लेकर मुजफ्फरपुर में चार समेत 14 जिलों में कुल 19 मतदान केंद्र बनाये गये हैं. मतदान को लेकर जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं. रविवार सुबह में विवि की कुलसचिव सह चुनाव की रिटर्निंग ऑफिसर डॉ अपराजिता कृष्णा ने पोलिंग पार्टियों को कंट्रोल रूम से रवाना किया.

मुजफ्फरपुर व आसपास के जिलों में सुबह 10.30 से दोपहर 2.30 और दूर के जिलों में सुबह 9 से दोपहर एक बजे तक मतदान होगा. विवि मुख्यालय से सभी जिलों में हो रहे मतदान की मॉनीटरिंग की जायेगी. इसको लेकर पुराने अतिथि गृह में कंट्रोल रूम बनाया गया है. रवाना हुई पोलिंग पार्टियां शाम तक संबंधित केंद्रों पर पहुंचने के बाद रिपोर्ट कर दी है. बता दें कि 12 वर्षों के बाद सीनेट में शिक्षक प्रतिनिधियों के लिए निर्वाचन की प्रक्रिया हो रही है.

**तीन श्रेणियों में शिक्षक प्रतिनिधियों का होना है चयन** : तीन श्रेणियों में शिक्षक प्रतिनिधियों के चयन को लेकर यह चुनाव हो रहा है. इसमें कुल 2067 शिक्षक वोटर हैं. पीजी की श्रेणी में 3 पदों में से दो पर निर्विरोध निर्वाचन हो गया है. शेष एक सीट के लिए दो शिक्षक चुनावी मैदान में हैं. अंगीभूत कॉलेज से 9 व संबद्ध व टेक्निकल कॉलेजों से 3 प्रतिनिधि के चयन को लेकर वोट डाले जाएंगे.

**अलग-अलग श्रेणियों में ये हैं उम्मीदवार** : ग्रुप ए में पीजी शिक्षकों के लिए जनरल कोटि से डॉ प्रमोद कुमार व डॉ राजेश्वर सिंह के बीच मुकाबला है. वहीं एससी कोटि से डॉ विनोद बैठा (निर्विरोध) और एसटी कोटि से आइएस केरकेट्टा (निर्विरोध) निर्वाचित हो गये हैं. ग्रुप बी में जनरल कोटि में डॉ रेणुबाला, डॉ आशुतोष, डॉ जयकांत सिंह, मो.निजामुद्दीन, डॉ राकेश कुमार सिंह, डॉ साजिदा अंजुम, डॉ शशि बी कुमार, डॉ उदय कुमार व डॉ विकास मंडल उम्मीदवार हैं. वहीं ओबीसी कोटि से डॉ रेशमा सुल्ताना, डॉ अशोक कुमार साह, डॉ रफुल्लाह अंसारी, डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता, डॉ संजय कुमार सुमन व डॉ शारदा नंद सहनी चुनावी मैदान में हैं. एससी कोटि से डॉ रमाशंकर रजक, डॉ भारत भूषण, डॉ मुकेश कुमार सरदार, डॉ गुलजार पासवान व प्रो.दीपक प्रसाद उम्मीदवार हैं. एसटी कोटि से डॉ निशि कांत व डॉ रवि शंकर सिंह चुनाव लड़ रहे हैं. ग्रुप सी में जनरल कोटि से डॉ सविता कुमारी, डॉ बाबू लाल राय, डॉ धर्मेंद्र कुमार चौधरी, डॉ कुमार अभिनेश रंजन, डॉ नवल किशोर सिंह, डॉ प्रफुल्ल कुमार सिंह, रणविजय कुमार सिंह, डॉ रमण कुमार व डॉ संतोष कुमार सिंह, ओबीसी कोटि से डॉ मनोज कुमार, डॉ रमेश सिंह व डॉ बासुदेव साह उम्मीदवार हैं.

## इन स्थलों पर बनाये गये हैं मतदान केंद्र



विवि के पीजी बॉटनी विभाग, एलएस कॉलेज, आरडीएस कॉलेज, एमडीडीएम कॉलेज, एमएस कॉलेज मोतिहारी, एमजेके कॉलेज बेतिया, गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज बगहा, एसआरकेजी कॉलेज सीतामढ़ी, आरएन कॉलेज हाजीपुर, डीसी कॉलेज हाजीपुर, महर्षि मेंही होमियोपैथी कॉलेज कटिहार, केएन होमियोपैथी कॉलेज भागलपुर, डॉ वाईएसएसएम होमियोपैथी कॉलेज दरभंगा, एमकेएच कॉलेज सीवान, डॉ. आरबीएस होमियोपैथी कॉलेज गया, श्री मोती सिंह आयुर्वेद कॉलेज छपरा, जीडी होमियोपैथी मेडिकल कॉलेज पटना, मगध होमियोपैथी कॉलेज बिहारशरीफ और बीएनएम होमियोपैथी कॉलेज सहरसा.

## सी ग्रुप में सर्वाधिक 13 सौ वोटर्स

सीनेट चुनाव में ग्रुप सी में सर्वाधिक 1313 वोटर्स हैं. वहीं ग्रुप बी में 558 और ग्रुप ए में सबसे कम 96 शिक्षक मतदाता हैं. चार घंटे तक मतदान की प्रक्रिया चलेगी. इसके बाद सभी पोलिंग पार्टियां बैलेट बॉक्स के साथ विश्वविद्यालय मुख्यालय लौट जाएगी. 25 सितंबर को विश्वविद्यालय मुख्यालय में ही मतगणना होगी. इसके बाद चुनाव परिणाम घोषित किया जाएगा.